# शिक्षा का भगवाकरण में ही भारत का प्रकटीकरण है : डॉ. सुधांशु त्रिवेदी

## 'मोदी सरकार में तंत्र भी हुआ स्वयं का, अब मिली स्वतंत्रता'

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश मीडिया कार्यशाला को संबोधित करते हुए सांसद एवं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस शासन में गुलामी की मानसिकता को स्वीकार करने एवं उसे पुष्पित-पल्लवित करने का काम हुआ वहीं भाजपा की सरकारों में भारतीय विचार से प्रेरित स्व का तंत्र स्थापित कर देश का गौरव बढ़ाने का काम किया गया। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद स्थापना से लेकर प्रेरणा तक भारतीय होने वाली भाजपा के शासन को विदेशी समाचार पत्र संडे गार्जियन ने भी भारत का नियति से दूसरी बार साक्षात्कार बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कुशल नेतृत्व ही है कि भारत आज अर्थव्यवस्था और स्टॉक एक्सेंज में चौथे नंबर पर है, आटोमोबाइल एवं एयरलाइंस में तीसरे नंबर पर है, मोबाइल निर्माण पर दूसरे नंबर पर है और डिजिटल पेमेंट के मामले में केवल पहले नंबर पर ही नहीं है, बल्कि दूनिया का 48 प्रतिशत पेमेंट जो अमेरिका तथा चीन को मिलाकर भी ज्यादा होता है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस और वामपंथी लोगों ने पाठ्यक्रमों में इस तरह की विषय वस्तु शामिल करवाई, जिससे भारतीय होने पर ग्लानि और हिन्दू होने पर शर्म महसूस होती हो। क्या कारण है कि महाराणा प्रताप को हारा हुआ पढ़ाया जाता रहा, क्या महाराणा प्रताप युद्ध क्षेत्र में वीर गति को प्राप्त हो गए थे, क्या उन्हें बंदी बना लिया गया था, तो फिर कैसे महाराणा प्रताप की पराजय का इतिहास हमारी युवा पीढ़ी को पढ़ाया गया। आज कांग्रेस के लोग शिक्षा के पाठ्यक्रम में परिवर्तन को लेकर सवाल उठा रहे है कि भगवाकरण हो रहा है, यह भगवाकरण नहीं, भारत का प्रकटीकरण है।



भाजपा के वरिष्ठ नेता सुनील भार्गव ( बांये ) ने भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ( बीच में ) को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि यह देश का दुर्भाग्य है कि डिस्कवरी आफ इंडिया में गजनी की मथुरा यात्रा का जिक्र करते हुए नेहरू ने उसे कला प्रेमी बता दिया, वहीं महमूद गजनी के दरबारी इतिहासकार अल उतबी ने "तारीख-ए-यामिनी" नामक पुस्तक में लिखा है कि गजनी ने मथुरा की इमारतों एवं मंदिरों की भव्यता को देखकर कहा था कि ये इंसान की बनाई नहीं हो सकती, इसे देवताओं ने बनाया है, इसलिए इन्हें जमीदोज कर दिया जाए। क्यों देश से नेहरू ने यह सच छुपाया और आक्रांताओं का महिमा मंडन किया ? उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस नेता हिन्दू धर्म पर असहिष्णुता के आरोप लगाते है, 2001 में जब महाकुंभ हुआ था, तब सोनिया गांधी ने कुंभ में स्नान किया था, केंद्र में अटल की सरकार थी, यूपी में राजनाथ सिंह मुख्यमंत्री थे किसी ने भी उन्हें नहीं रोका था।

भाजपा मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल चुनाव जीतने वाली पार्टी नहीं है, बल्कि यह एक गहरी, सशक्त और स्पष्ट विचारधारा से प्रेरित संगठन है। हमारा संवाद भी केवल शब्दों का खेल नहीं, बल्कि सतत अध्ययन, वैचारिक स्पष्टता और भावनात्मक जुड़ाव का परिणाम होना चाहिए। यही हमें दूसरों से अलग करता है और यही हमारी असली ताकत है। जिला मीडिया संयोजक, प्रवक्ता और पैनलिस्ट के रूप में हमारा हर शब्द, हर पोस्ट और हर सार्वजनिक वक्तव्य जनता की नजर में पार्टी की छवि बनाता है।वहीं प्रदेश मंत्री तथा मीडिया, सोशल मीडिया एवं आईटी के प्रभारी पिंकेश पोरवाल मंच पर उपस्थित थे। सूत्रों की माने तो मीडिया की कार्यशाला में प्रदेश भर के जिला मीडिया प्रभारी सभी उपस्थित नहीं हुए न हीं पूरे प्रदेश प्रवक्ता शामिल हुए। जिसके कारण भाजपा कार्यालय में मौजूद अन्य नेताओं को भी मीडिया विभाग के बनाकर उन्हें कार्यशाला में बिठा दिया गया।

**भारत की ऐतिहासिक कूटनीतिक सफलता, अमेरिका ने टीआरएफ को किया आतंकवादी संगठन घोषित, किया प्रतिबंधित :-** डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक सफलता की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार द रेजिस्टेंस फ्रंटको संयुक्त राज्य अमेरिका ने आधिकारिक रूप से आतंकवादी संगठन घोषित कर प्रतिबंधित कर दिया है। डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि टीआरएफ, कई बड़े आतंकी संगठनों का एक प्रॉक्सी संगठन है और उसे वैश्विक आतंक के नेटवर्क का हिस्सा माना जाता है। यह सफलता भारत की निरंतर और प्रभावशाली कूटनीति का प्रत्यक्ष प्रमाण है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने बताया कि पहले क्वाड समिट में आतंकवाद और पहलगाम हमले का विधिवत उल्लेख हुआ था। 26/11 मुंबई हमले के आरोपी तहावुर राणा का अमेरिका से प्रत्यर्पण,हाफिज सईद एवं मसूद अजहर को संयुक्त राष्ट्र द्वारा वैश्विक आतंकी घोषित करवाना और अब अब टीआरएफ पर प्रतिबंध- ये सभी कदम भारत की कूटनीतिक सूझबूझ और वैश्विक स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बढ़ते प्रभाव को दर्शाते हैं। डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि जैसे 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारत ने अपने सैन्य कौशल का प्रदर्शन किया, उसी तरह अब हमारी सरकार अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में भी पूर्ण दक्षता दिखा रही है।

- **धर्म बदले बिना हज जाकर दिखाए राहुल गांधी, कुंभ में आए थे 60 लाख विदेशी किसी से नहीं पूछा धर्म : डॉ सुधांशु त्रिवेदी**

# साइबर ठगों पर पुलिस का शिकंजा : पैसा डबल गैंग के सात सदस्य गिरफ्तार

- **पुलिस को इनके बैंक खातों में करोड़ों रुपये के लेन-देन का हिसाब मिलने की**
- **धोखाधड़ी के लिए वे फर्जी या किराए के सिम कार्ड और विभिन्न फर्जी बैंक खातों का इस्तेमाल करते थे**

**जयपुर।** साइबर अपराधों के खिलाफ सवाई माधोपुर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए मानटाउन थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम ने संयुक्त अभियान में पैसा डबल करने का झांसा देकर धोखाधड़ी करने वाले 7 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। इन ठगों के पास से 12 मोबाइल फोन, 6 एटीएम कार्ड, 4 पासबुक, 3 चेकबुक, 2 क्यू आर मशीन और 2 लाख रुपये नकद जब्त किए गए हैं। पुलिस को इनके बैंक खातों में करोड़ों रुपये के लेन-देन का हिसाब मिलने की उम्मीद है।

पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने बताया कि थानाधिकारी मानटाउन सुनील गुप्ता के नेतृत्व में गठित टीम ने सवाई माधोपुर की बाल मंदिर कॉलोनी में छापा मारकर इन ठगों को धर दबोचा। ये साइबर ठग सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर लोगों को लुभावनी योजनाओं का झांसा देते थे, जिसमें उनके पैसे कई गुना करने का लालच दिया जाता था।

धोखाधड़ी के लिए वे फर्जी या किराए के सिम कार्ड और विभिन्न फर्जी बैंक खातों का इस्तेमाल करते थे। पुलिस के अनुसार, इन ठगों ने सोशल मीडिया पर लाखों ग्राहक बनाए हुए थे। मामले में पुलिस ने आरोपी मनीष मीना निवासी नींदड़दा थाना सूरवाल, हरिमोहन मीना निवासी बंधा थाना सूरवाल, युवराज सिंह मीना, सचिन मीना व बलराम सैनी निवासी मलारना चौड़ थाना मलारना डूंगर, जितेंद्र मीना निवासी झोगदा थाना सूरवाल और धर्मेन्द्र मीना निवासी अजनोटी थाना सूरवाल को गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है, जिससे इस बड़े साइबर धोखाधड़ी नेटवर्क के अन्य पहलुओं का भी खुलासा होने की उम्मीद है। इस सराहनीय कार्रवाई में डीएसटी प्रभारी श्याम सुंदर और उनकी टीम तथा मानटाउन थाना से सहायक उपनिरीक्षक प्रहलाद, कांस्टेबल हरिसिंह, अशोक, महेंद्र, शैतान और सुरेंद्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# श्रीराम के वनगमन प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन

**जयपुर।** कांस्टीट्यूशनल क्लब में चल रही श्रीराम कथा के दूसरे दिवस पर श्रोताओं को उस मार्मिक क्षण का स्मरण हुआ, जब भगवान श्रीराम वनगमन के लिए माता कौशल्या से विदा लेने पहुंचे। शास्त्री कोसलेंद्रदास ने कहा कि उस घड़ी एक माता ने पुत्र से न गद्दी मांगी, न लौटने का वचन। बस इतना कहा कि पुत्र राम! वनवास से अमृत लेकर लौटना।यह अमृत क्या है? शास्त्री ने स्पष्ट किया कि यह कोई दिव्य औषधि नहीं बल्कि चरित्र, धर्म, सत्य, मर्यादा और आचरण का अमृत है, जो राम ने अपने जीवन से समाज को दिया। माता कौशल्या जानती थीं कि राम की यह यात्रा केवल वनवास नहीं बल्कि मानवता के लिए मर्यादा का पाठ पढ़ाने वाले अवतार की यात्रा है।शास्त्री ने कहा कि आज के समय में जब जीवन-मूल्य, परिवार और दांपत्य की गरिमा क्षीण हो रही है।

# राजस्थान पुलिस में पदोन्नित का बड़ा अवसर

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस अधीनस्थ सेवा में कार्यरत उप निरीक्षकों के लिए एक बड़ा अवसर सामने आया है। पुलिस मुख्यालय भर्ती एवं पदोन्नित बोर्ड के आईजी सत्येंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस निरीक्षक (एपी/सीपी) के 605 रिक्त पदों को पदोन्नित के माध्यम से भरने के लिए योग्यात्मक परीक्षा वर्ष 2022-23 का आयोजन किया जा रहा है।

इन पदों में अनुसूचित जाति के लिए 95, अनुसूचित जनजाति के लिए 66 और सामान्य वर्ग के लिए 444 पद शामिल हैं।

पुलिस अधीक्षक सीआईडी (सीबी) और सदस्य सचिव, चयन बोर्ड लक्ष्मण दास ने बताया कि इस पदोन्नित परीक्षा में शामिल होने के लिए योग्य उप निरीक्षकों से 1 अगस्त 2025 की शाम 5 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं।

राजस्थान पुलिस अधीनस्थ सेवा नियम, 1989 के नियम 26 की अनुसूची 01 के कॉलम-6 में वर्णित प्रावधानों के अनुसार:

# प्रॉपर्टी डीलर का अपहरण, बिजनेस पार्टनर ने ही साथियों के साथ मिलकर दिया वारदात को अंजाम

**जयपुर।** आदर्श नगर थाना इलाके में एक प्रॉपर्टी कारोबारी का अपहरण करने का मामला सामने आया है।बताया जा रहा है की पीड़ित अपने दोस्तों के साथ एक रेस्टोरेंट पर बैठा हुआ था। इसी दौरान उसका पूर्व पार्टनर अपने कुछ साथियों के साथ वहां पहुंचा और मारपीट करते हुए उसका अपहरण कर ले गया।

दोस्तों ने मामले की जानकारी पीड़ित के परिजनों को दी। परिजनों के बाद करने पर आरोपी पक्ष ने 50 लाख रुपए की फिरौती की मांग की। सूचना मिलने पर पुलिस ने नाकाबंदी कराई लेकिन आरोपियों का कुछ पता नहीं चला। लोकेशन ट्रेस करते हुए पुलिस आरोपी तक पहुंच गई और अपहरणकर्ताओं के चंगुल से प्रॉपर्टी कारोबारी को मुक्त करवाया।

पुलिस के बताए अनुसार सोनू शर्मा निवासी लालसोट जिला दौसा हाल जयपुर में रहकर प्रॉपर्टी का कारोबार करता है और महारानी फार्म दुर्गापुरा में परिवार सहित रहता है।

बुधवार शाम सोनू अपने दोस्त हनी के साथ राजा पार्क गली-4 स्थित एक रेस्टोरेंट पर बैठा हुआ था और अपने दोस्तों से बातचीत कर रहा था। इसी दौरान उसका पूर्व पार्टनर प्रकाश चंद अपने कुछ साथियों के साथ वहां पहुंचा मारपीट करते हुए सोनू को कार में डालकर ले गया।

बताया जा रहा है कि आरोपियों ने चलती कार में उसके साथ जमकर मारपीट की। मारपीट करते हुए आरोपी उसे लालसोट स्थित रामगढ़ में सुनसान जगह ले गए,वहां भी आरोपियों ने लाठी-डंडों से उसके साथ मारपीट करते हुए 50 लाख रुपए की डिमांड की।

सोनू के अपहरण होने के बाद दोस्त हनी ने मामले की जानकारी सबसे पहले उसके परिवार वालों को दी। जिसके बाद परिजनों ने आदर्श नगर थाने पहुंच पुलिस को इस मामले के बारे में बताया। जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने आसपास के इलाके में नाकाबंदी कराई। लेकिन आरोपियों का कोई सुराग पुलिस के हाथ नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस ने सोनू के मोबाइल फोन को ट्रेस कर आरोपियों तक पहुंच गई। लेकिन पुलिस को आरोपी सोनू को घायल अवस्था में छोड़कर फरार हो गए। पुलिस पीड़ित सोनू को रामगढ़ से जयपुर ले आई। पीड़ित के बयानों के आधार पर पुलिन ने अपहरण को मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है।

# देवनानी ने सीए स्टूडेंट टैलेंट सर्च ग्रैंड फिनाले का किया शुभारंभ

- **देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ होती है चार्टर्ड अकाउंटेंट**
- **प्रतिभा का उपयोग राष्ट्र हित में हो : देवनानी**

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि चार्टर्ड अकाउंटेंट समाज के महत्वपूर्ण अंग होते हैं। देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ चार्टर्ड अकाउंटेंट ही होते है। जीएसटी आने के बाद उद्द्योगपति समूह में सीए की आवश्यकता प्रतिपादित हुई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सुदृढ़ आर्थिक नीतियों के कारण भारत विश्व में आर्थिक शक्ति के रूप में चौथे नंबर आ गया है। निकट भविष्य में भारत विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति बनेगा। देवनानी का मानना था कि जब देश के सभी सीए मिलकर नेशन फर्स्ट की भावना के साथ कार्य करेंगे तो 2040 तक विश्व की अर्थव्यवस्था में भारत का पहला स्थान होगा। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी शुक्रवार को यहां राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में जयपुर में पहली बार हो रहे सीए स्टूडेंट टैलेंट सर्च ग्रैंड फिनाले-2025 "समर्थ" का दीप प्रज्जवलित कर शुभांरभ किया। समारोह में देवनानी का सीए एसोसिएशन द्वारा दुपट्टा पहनाकर, स्मृति चिन्ह और पौधा भेट कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर देवनानी ने देश के विभिन्न भागों से आये सीए को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिभा को मंच मिलना ही भविष्य निर्माण की पहली सीढ़ी है। सीए जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में रचनात्मकता और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का यह संगम निश्चित ही प्रेरणादायी है। संख्या और संस्कृति जब मिलती हैं, तब व्यक्तित्व संपूर्ण बनता है। प्रतिभा केवल अंकपत्रों में नहीं होती, वह आत्मा की भाषा होती है। इस मंच से निकलने वाली युवा प्रतिभाओं की ऊर्जा भविष्य के भारत को नया आकार देगी।देवनानी ने कहा कि उनका जीवन का अधिकांश समय विधार्थियों के साथ निकला है। उनके मन में भी सीए बनने की चाहत थी। देशभर से आये सीए विधार्थियों का देवनानी ने गुलाबी नगर जयपुर में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सीए अपनी प्रतिभा का उपयोग राष्ट्रिहत में करें। जैसा चल रहा है, वैसा ही चलता रहेगा ऐसी सोच वाली प्रवृति ठीक नहीं है। सभी आगे बढ़े, तरीके से आगे बढ़े, मिलकर आगे बढ़े और सकारात्मक सोच के साथ राष्ट्रिहत में अपनी प्रतिभा का उपयोग करें। देवनानी ने कहा कि भारत की सुदृढ़ आर्थिक नीतियों के कारण विश्व में राष्ट्र की धाक जमने लगी है। हमें इस प्रगति को निरंतर बनाये रखने में योगदान देना है।

उन्होंने कहा कि विश्व का कोई देश नहीं चाहता कि भारत सिरमोर बनें। इसलिये देश को आगे बढ़ाने में राष्ट्र का प्रत्येक व्यक्ति अपने प्रोफेशन के साथ-साथ राष्ट्र के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने में योगदान करें। राष्ट्र के लिये अपनी प्रतिभा का विस्तार करें और उसका उपयोग करें। देवनानी ने कहा कि अनुभव और मेहनत से सफलता मिलती है। सफलता के लिये समय प्रबंधन के साथ अपनी प्रतिभा का सदुपयोग किया जाना आवश्यक है।

समारोह को शिव कुमार शर्मा, रोहित रुवाटिया, अंकुर गुप्ता, कमल जैन, विकास यादव और सीए विधि ने भी संबोधित किया।

# विद्युत चोरी से संचालित हो रहे थे पी.जी. हॉस्टल

- **लाइब्रेरी, पोल्ट्री फार्म एवं आरओ प्लांट**
- **8 मामलों में लगाया 20 लाख 66 हजार का जुर्माना**

**जयपुर।** जयपुर विद्युत वितरण निगम की सतर्कता शाखा ने शुक्रवार को चौमू, शाहपुरा, भांकरोटा एवं आदर्श नगर क्षेत्र में सतर्कता जांच के दौरान पी.जी. हॉस्टल, लाइब्रेरी, पोल्ट्री फार्म, आरओ मिनरल प्लांट व आवासीय परिसर सहित कुल 8 जगहों पर विद्युत चोरी पकड़ी। इन प्रकरणों में 20 लाख 66 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

अधीक्षण अभियंता (सतर्कता) बी.एल.शर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (सतर्कता) महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि ग्राम जाटावाली महादेव नगर-प्रथम स्थित एक पी.जी. हॉस्टल में विद्युत चोरी पाये जाने पर करीब 95 हजार का जुर्माना लगाया गया।

वहीं शाहपुरा के जोधपुरा स्थित एक लाइब्रेरी की जांच में विद्युत चोरी पाये जाने पर करीब 2 लाख 20 हजार का जुर्माना लगाया गया। हनुतपुरा में एक फेज को डायरेक्ट करके विद्युत चोरी से पोल्ट्री फार्म का संचालन पाये जाने पर करीब 7 लाख 53 हजार का जुर्माना लगाया गया है।

जगतपुरा व अमलोदा में दो घरेलू उपभोक्ता परिसर में अवैध तार जोडकर विद्युत चोरी करते पाये गये, जिस पर करीब 1 लाख 21 हजार व करीब 1 लाख 60 हजार का जुर्माना लगाया गया है।

इसी प्रकार भांकरोटा एवं आदर्श नगर में 3 उपभोक्ताओं के परिसर में विद्युत चोरी पकड़ी गई, जिनमें से एक अघरेलू कनेक्शन आर.ओ. मिनरल प्लांट में विद्युत मीटर को टेम्पर करके विद्युत चोरी पाई गयी जिस पर 3 लाख 60 हजार का जुर्माना लगाया गया। यहां तीनों मामलों में कुल 7.15 लाख का जुर्माना लगाया गया है।

सभी प्रकरणों में वीसीआर भरी गई है। विद्युत कनेक्शन काटकर राजस्व वसूली की कार्यवाही जारी है, यदि उपभोक्ता द्वारा जुर्माना राशि निर्धारित समयावधि में जमा नहीं करवायी जाती है तो उनके विरूद्ध विद्युत् चोरी निरोधक पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज करवाया जावेगा।

# सोशल मीडिया पर का इस्तेमाल कर की जा रही है ठगी

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने आमजन को साइबर अपराधों की बढ़ती और बदलती प्रकृति के प्रति आगाह किया है। पुलिस ने एक नई तरह की धोखाधड़ी के संबंध में चेतावनी जारी की है, जिसमें साइबर अपराधी सोशल मीडिया प्रोफाइल पर नामचीन व्यक्तियों, परिचितों, या किसी फर्म,कंपनी के प्रमुख की तस्वीर लगाकर लोगों को ठग रहे हैं। एसपी साइबर क्राइम शांतनु कुमार सिंह ने बताया कि साइबर ठग अक्सर विभागों के प्रमुखों, नामचीन व्यक्तियों, या किसी कंपनी के चेयरमैन,मालिक की प्रोफाइल तस्वीर का इस्तेमाल करते हैं। वे या तो खुद को वह व्यक्ति बताते हैं या खुद को उनके अधीन काम करने वाला बताकर अपने मोबाइल नंबर से मैसेज या कॉल करते हैं। धोखेबाज स्वयं को या उस व्यक्ति को किसी बैठक में व्यस्त या आपात स्थिति में होने का बहाना बनाते हैं, और तत्काल पैसों की मांग करते हैं। वे प्रोजेक्ट से संबंधित खर्च, आपातकालीन स्थिति या सरकारी खर्च का बहाना बनाकर आमजन, कनिष्ठ अधिकारियों या कर्मचारियों को फोन,वीडियो कॉल करते हैं और यूपीआई के माध्यम से तुरंत पैसे ट्रांसफर करने का निर्देश देते हैं।

# कैडर पुनर्गठन की मांग को लेकर कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर, अदालतों में कामकाज ठप

- **प्रदेश के करीब 21 हजार न्यायिक कर्मचारी शुक्रवार से सामूहिक रूप से अवकाश पर चले गए**

**जयपुर ।** राजधानी सहित प्रदेश की करीब 1600 से अधिक अधीनस्थ अदालतों में आज से न्यायिक कामकाज पूरी तरह से ठप हो गया है। राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ के आव्हान पर प्रदेश के करीब 21 हजार न्यायिक कर्मचारी शुक्रवार से सामूहिक रूप से अवकाश पर चले गए हैं। वहीं बीते पांच दिनों ने सेशन कोर्ट परिसर में धरना व भूख हड़ताल की जा रही है। राज्य सरकार की ओर से किसी तरह की सुनवाई नहीं होने पर कर्मचारी संघ ने अनिश्चितकालीन सामूहिक अवकाश पर रहने का निर्णय लिया है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेन्द्र नारायण जोशी ने बताया कि न्यायिक कर्मचारियों में मंत्रालयिक और स्टेनोग्राफर कैडर के पुनर्गठन की मांग पिछले दो साल से लंबित है। इस बाबत हाईकोर्ट की पूर्ण पीठ ने 6 मई 2023 को प्रस्ताव पास करके राज्य सरकार को भिजवा दिया था, लेकिन सरकार ने दो साल बाद भी इसे लागू नहीं किया। इससे न्यायिक कर्मचारियों को प्रमोशन के कम मौके मिल रहे हैं और उनका आर्थिक नुकसान भी हो रहा हैं। राज्य सरकार ने दूसरे सरकारी विभागों के कर्मचारियों में इन दोनों संवर्गों का पुनर्गठन तुरंत ही कर दिया गया था, लेकिन न्यायिक कर्मचारियों के साथ सरकार भेदभाव कर रही है। न्यायिक कर्मचारियों ने मई में भी अनिश्चितकालीन भूख हडताल शुरू की थी, लेकिन भारत-पाक तनाव के बीच आंदोलन को स्थगित कर दिया था। इसके बाद 14 जुलाई से एक बार फिर न्यायिक कर्मचारियों ने आंदोलन का ऐलान कर दिया था।

वहीं जिला न्यायालय कर्मचारी संघ के पूर्व पदाधिकारी बद्रीलाल ने कहा कि गुरुवार को सभी जिला अध्यक्षों की आपात बैठक बुलाई गई थी। जिसमें तय किया गया कि शुक्रवार से सभी कर्मचारी अवकाश पर रहेंगे।

# जे.डी.ए. प्रशासन ने महज 3 दिन में बांटें करीब 30 हज़ार पौधे

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** जयपुर विकास प्राधिकरण प्रशासन ने हरियालो राजस्थान अभियान के तहत बीते बुधवार से शुक्रवार शाम तक मात्र 3 दिन में क़रीब 30 हज़ार पौधे आमजन में वितरित किए है। यह पौधे आमजन को 50 रुपए की रियायती दरों पर दिए जा रहे हैं। जेडीए ने पौधा वितरण के लिए शहर में 13 सेंटर्स बनाए हैं, ताकि मानसून में आमजन को बेवजह परेशान नहीं होना पड़े। अक्टूबर माह के अंत तक 10 फ़ीट ऊंचाई के 30 हज़ार पौधे वितरण का लक्ष्य रखा गया था, जो कि महज 3 दिन में ही पूरा हो गया। परन्तु अब भी लोग जेडीए के वितरण केंद्रों पर पौधे लेने के लिए उमड़ रहे है, क्योकि अगर 10 फ़ीट ऊंचाई का पेड़ अगर बाजार से खरीदा जाये तो करीब 300 से 500 रुपये चुकाने पड़ रहे है।

वरिष्ठ उद्यानविज्ञ नरेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि जेडीए आयुक्त आनंदी के निर्देशानुसार शहर में 13 वितरण केंद्रों पर आमजन को 10 फ़ीट ऊंचाई के पेड़ महज 50 रुपए के रियायती शुल्क पर उपलब्ध करवाए जा रहे है। इसके लिए प्रतिव्यक्ति को एक आधार कार्ड की फोटोकॉपी पर 5 पेड़ दिए जा रहे है। आमजन में भी पेड़ों के लिए भरपूर उत्साह देखा जा रहा है।



जयपुर विकास प्राधिकरण प्रशासन ने हरियालो राजस्थान अभियान के तहत क़रीब 30 हज़ार पौधे आमजन में वितरित किए।

जेडीए प्रशासन ने सभी वितरण केंद्रों पर सेल्फी पॉइंट भी बनाये है, जिनकी थीम "एक पौधा मां के नाम" और हरियालो राजस्थान रखी है। जेडीए प्रशासन ने पौधरोपण की मॉनिटरिंग के लिए भी जोनवार प्रभारी नियुक्त किये है। गौरतलब है कि जेडीए की ओर से आमजन को मौलश्री, अशोक, अर्जुन, शीशम, कदम, गूलर, नीम, पिलखन, बॉटलब्रश, गुलमोहर, अमरुद और जामुन के पेड़ उपलब्ध करवाए जा रहे है।वहीं ग्रेटर निगम ने भी करीब 33 हज़ार पौधे बीते 10 दिनों में आमजन के वितरण के लिए भेजे है। उद्यानविज्ञ रविंद्र सिंह के मुताबिक 33 हज़ार पौधे गत 9 जुलाई से अब तक आमजन को मुहैया करवाए जा चुके है। उन्होंने बताया कि वन विभाग से ग्रेटर निगम ने 1 से 4 फ़ीट तक के पौधे लिए है। इनमे से अब तक पार्षदों को 13 हज़ार पौधे पहुचाये जा चुके है।

- **ग्रेटर और हैरिटेज निगम भी आमजन में वितरित कर रहा निःशुल्क पौधे**

इसके अलावा 8 हज़ार पौधे सार्वजानिक पार्कों में लगवाए है। शेष पौधे ग्रेटर निगम के 7 जोन के माध्यम से आमजन को नि:शुल्क वितरित किये जा रहे है।

हेरिटेज निगम की उद्यान उपायुक्त मोनिका सोनी ने बताया कि तमाम 100 पार्षदों की अनुशंसा पर 100-100 पौधे वितरण के लिए उद्यान अधीक्षक छाजूराम को निर्देश दिए है। साथ ही मानसून में सरकारी जमीनों और पार्कों में भी पौधे लगाए जा रहे है। इसके लिए वन विभाग से पौधे मंगवाए गए है।

हैरिटेज निगम द्वारा जिओ टैगिंग के साथ पौधों का वितरण किया जा रहा है, पौधे देने और प्राप्त करने वाले लोगों के भी हस्ताक्षर करवाए जा रहे है, जिसके लिए रसीद नंबर भी रहेगा।

# मोबाइल छीनने वाला मोबाइल स्नैचर गिरफ्तार

**जयपुर।** शिप्रा पथ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोबाइल छीनने वाले एक मोबाइल स्नैचर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से छीने गए दो मोबाइल सहित वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन भी बरामद की है। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपित नशे करने का आदि है और नशा पूर्ति और मौज-मस्ती के लिए चेन स्नेचिंग की वारदात करता है और इससे पहले भी दो बार जेल जा चुका है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) दिगंत आनंद ने बताया कि शिप्रापथ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोबाइल छीनने वाले मोबाइल स्नैचर रितिक शर्मा निवासी मथुरा गेट जिला भरतपुर हाल मुहाना को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से छीने गए दो मोबाइल सहित वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन जब्त किया है।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित नशे करने का आदि है और नशा पूर्ति और मौज-मस्ती के लिए चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम देता है और औने-पौने दामों में बेच देता है। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने कई वारदातों को अंजाम देना कबूला है।

# कृषक खेती में नवीन तकनिकों का ज्यादा से ज्यादा करें उपयोग : कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री

**जयपुर।** कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने कृषि को पारंपरिक तरीकों से आगे बढ़ाकर उत्पादकता और कृषकों की आय बढ़ाने के लिए नवीन कृषि पद्धितयों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने पारंपरिक और जैविक खेती पर जोर देते हुए कहा कि कृषक रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग कम से कम करें, इसके लिए विभागीय अधिकारी ग्रामीण क्षेत्र के कृषकों को ज्यादा से ज्यादा जागृत करें।

- **एआई का उपयोग कर के किसान बेहतर तरीके से फसल प्रबंधन, कीट एवं रोग का पता लगाना, मौसम का पुर्वानुमान आदि का समय से ही पता लगा सकते है**



डॉ. किरोडी लाल मीणा ( दांये से दूसरे ) की अध्यक्षता में विभागीय अधिकारियों और कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया।

डॉ. किरोडी लाल मीणा की अध्यक्षता में शुक्रवार को पंत कृषि भवन के सभा कक्ष में विभागीय अधिकारियों और कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का अयोजन किया गया। बैठक में कृषि विकास, मृदा की स्थिति, कृषि में एआई का उपयोग, कृषि यंत्रीकरण और बायोफर्टिलाइजर व पेस्टिसाइट के उपयोगों पर कंपनी प्रतिनिधियों द्वारा पीपीटी के माध्यम से प्रजेंटेशन प्रस्तुत किया गया। एआई का उपयोग कर के किसान बेहतर तरीके से फसल प्रबंधन, कीट एवं रोग का पता लगाना, मौसम का पुर्वानुमान आदि का समय से ही पता लगा सकते हैं। एआई द्वारा फसलों के रोगों की समय पर पहचान कर किसान उचित कीटनाशकों व उर्वरकों का उपयोग कर फसल में होने वाले नुकसान से बच सकते हैं। बैठक में बताया कि मृदा पौधों को आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करती है। कृषि, वनस्पति एव जैव विविधता के लिए मृदा की गुणवत्ता अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों और बार-बार एक ही फसल उगाने से मृदा की उर्वरकता घट जाती है। मृदा की स्थिति सुधारने के लिए रासायनिक उर्वरकों की जगह किसानों को गोबर खाद, कंपोस्ट एवं वर्मीकंपोस्ट का उपयोग करना चाहिए। बायोफर्टिलाइजर ऐसे जीवित सूक्ष्म जीव होते हैं।